भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
06.04.2022 के
अतारांकित प्रश्न सं. 5554 का उत्तर

नया पंपन पुल

5554. श्री विजयकुमार उर्फ विजय वसंत:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या तमिलनाडु के रामेश्वरम स्थित पंपन में रेलवे पुल अक्सर खराब हो रहा है, जिसके परिणामस्वरूप रामेश्वरम जाने वाले मालवहन और यात्री यातायात को बार-बार रोक दिया जाता है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और विगत तीन वर्षों के दौरान वर्ष-वार कितनी बार ट्रेन सेवाएं निलंबित की गई हैं और इसके रखरखाव पर कितनी धनराशि खर्च की गई है तथा सेवाओं के बार-बार रुकने के परिणामस्वरूप रेलवे को कितनी हानि हुई है;

(ग) क्या नए पंपन पुल के निर्माण में अनावश्यक रूप से देरी हुई है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसकी विशेषताएं क्या हैं तथा इस परियोजना की अनुमानित लागत क्या है; और

(ङ) नए पंपन ब्रिज के कब तक चालू होने की संभावना है?

उत्तर

रेल, संचार एवं इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (ङ): विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

******

s.k

नया पंपन पुल के संबंध में 06.04.2022 को लोक सभा में श्री विजयकुमार उर्फ विजय वसंत के अतारांकित प्रश्न सं. 5554 के भाग (क) से (ङ) के उत्तर से संबंधित विवरण।

(क) और (ख): नैवीगेशन स्पैन (शर्ज़र स्पैन) पर मुख्य मरम्मत कार्य करने के लिए, पंबन ब्रिज पर 3 बार गाड़ी यातायात निलंबित किया गया था। मौजूदा पंबन ब्रिज संख्या 346 वर्ष 1914 के दौरान चालू किया गया था और इस समय पुल की स्टील संरचना जीर्ण अवस्था में है। यातायात सस्पेशन अवधि के दौरान, गाड़ी यातायात की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए मरम्मत कार्य किए गए थे।

इन तीन अवसरों पर की गई मरम्मत के लिए पुल की मरम्मत/अनुरक्षण कार्य के लिए कुल 3.61 करोड़ रुपए की राशि खर्च की गई है। रेलवे ने रेल टिकटों को रद्द करने और रेल सेवाओं को रद्द करने/कम समय में समाप्त किए जाने के कारण मंडपम से रामेश्वरम रेलवे स्टेशन तक यात्रियों के परिवहन की व्यवस्था करने के लिए कुल 1.09 करोड़ रुपए की राशि वापस कर दी है।

(ग) और (घ) नए पंबन पुल के निर्माण का कार्य रेल विकास निगम लिमिटेड (आरवीएनएल) द्वारा निष्पादित किया जा रहा है। कोविड-19 महामारी की वजह से काफी संख्या में श्रमिक संक्रमित होने के कारण और जिला प्रशासन द्वारा पूरे पुल निर्माण स्थल को कंटेनमेंट जोन के रूप में घोषित कर दिए जाने से नए पंबन पुल के निर्माण कार्य पूरा करने में थोड़ी देरी हुई है। महामारी के कारण ऑक्सीजन की आपूर्ति को अस्पतालों में स्थानांतरित कर दिया गया था और इससे पुल निर्माण स्थल पर औद्योगिक ऑक्सीजन की आपूर्ति बाधित हो गई थी। काम की प्रगति मौसम और समुद्र की स्थिति पर निर्भर करती है क्योंकि पुल समुद्र के आर-पार फैला हुआ है।

इस पुल की नवीनतम अनुमानित लागत 380 करोड़ रुपये है।

(ङ) नया पंबन पुल 2022-23 तक परिचालनिक बनाया जाना संभावित है।

****

s.k